प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का संकल्प दोहराया, इस वर्ष की थीम है–स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य।
2. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल हुए पूरे, झारखंड समेत देशभर के छोटे व्यवसाई बन रहे आत्मनिर्भर।
3. रांची समेत पांच शहरों में बनेगी नई टाउनशिप, स्मार्ट सिटी की तर्ज पर होगा विकास; 97 करोड़ की राशि स्वीकृत।
4. राज्य में आज से 12 अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना।
   और
5. आईपीएल क्रिकेट टी 20 में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

********************

स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करके लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक स्वस्थ देश के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों की भलाई के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। श्री मोदी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का ये प्रयास विकसित भारत की यात्रा में उनका सामूहिक योगदान होगा।

********************

वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गए।

इधर सिमडेगा में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। स्थानीय लाभूक संध्या और पवन ने ऋण लेकर बिस्किट एजेंसी शुरू की और अब अच्छी आमदनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना छोटे व्यवसायियों के लिए वरदान साबित हो रही है।

********************

हजारीबाग में रामनवमी विशेष शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने जुलूस मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने जानकारी दी कि जुलूस को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर 5 हजार अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है, 145 सीसीटीवी लगाए गए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की गई है।

********************

झारखंड के पांच शहरों में नई टाउनशिप के विकास की योजना तैयार की गई है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो और देवघर में 400 से 500 एकड़ भूमि चिह्नित कर स्मार्ट सिटी के तर्ज पर इको–फ्रेंडली टाउनशिप बनाई जाएगी। इसके लिए नगर विकास विभाग ने उपायुक्तों को पत्र भेजकर जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। भूमि अधिग्रहण और आधारभूत संरचना के लिए 97 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

********************

देवघर साइबर थाने की विशेष टीम ने सारवां और मधुपुर थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। महिला आरोपी ऑनलाइन सट्टेबाजी का झांसा देकर साइबर ठगी कर रही थी। अन्य सात आरोपी पीएम किसान सम्मान निधि का फर्जी लिंक भेजकर लोगों से ठगी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से प्रतिबिंब सिमकार्ड, सिम और मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

********************

रामगढ़ जिले की महिलाएं से वित्तीय सहायता प्राप्त कर कृषि, पशुपालन, मुर्गी पालन सहित अन्य व्यवसाय से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है।

********************

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल रांची में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलायी गयी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय में दिन के एक बजे से होगी। बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है।
- रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए फीस कमिटी के गठन को लेकर निजी स्कूलों के प्राचार्यों को पत्र लिखा है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर फीस कमिटी और अभिभावक शिक्षक संघ का गठन करने की हिदायत दी है।

********************

प्रमुख भारतीय शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी में आज सुबह तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में बम्बई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स दो हजार 778 अंक गिरकर 72 हजार पांच सौ 85 पर आ गया, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 916 अंक गिरकर 21 हजार 988 पर आ गया।

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 83 हजार 100 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 96 हजार प्रति किलो रहेगी।

********************

झारखंड में भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है, क्योंकि आज से 12 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फलाइन के प्रभाव के कारण अलर्ट जारी किया है। आठ और नौ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तेज हवा और वज्रपात के आसार हैं। वहीं बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है।

********************

आईपीएल क्रिकेट टी 20 में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। वहीं कल रात गुजरात टाइटन्स ने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया

********************